संख्या : 1/2016/1609/छप्पन-2015-41/2015

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन, उ0प्र0
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 01 जनवरी, 2016

विषय : ताज अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण हेतु सैफई (जिला-इटावा) एवं भदरौली (जिला आगरा) में प्रस्तावित स्थलों की प्री-फिजीबिलिटी स्टडी कराये जाने के सम्बन्ध में धनराशि स्वीकृत किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या : 621/ए0एफ0-115/2015, दिनांक 28 अक्टूबर, 2015 का कृपया संदर्भ गृहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अवगत कराया है कि अन्तर्राष्ट्रीय वायुसेवा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दो विकल्पों (1) सैफई एयरपोर्ट, जनपद इटावा (2) भदरौली, तहसील वाह, जनपद- आगरा के प्रस्तावित स्थलों की फिजीबिलिटी स्टडी कराने हेतु निम्न सूचनाएं तथा व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए परामर्श प्रभार रूपये 11,66,105/- (रूपये ग्यारह लाख छियासठ हजार एक सौ पॉच मात्र) की धनराशि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उपलब्ध करायी जानी है :-

(क) प्रस्तावित साइट का पवन दिग्दर्शक आरेख (विंड रोज डायाग्राम)
(ख) भारत मौसम विज्ञान विभाग से पिछले पॉच वर्ष के मौसम सम्बन्धी आंकड़े
(ग) 1:50000 के पैमाने पर सर्वे ऑफ इण्डिया का मानचित्र
(घ) साइट का राजस्व मानचित्र

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ताज अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थलों की प्री-फिजीबिलिटी स्टडी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से कराये जाने के निमित्त परामर्श प्रभार के रूप में रूपये 11,66,105/- (रूपये ग्यारह लाख छियासठ हजार एक सौ पॉच मात्र) के व्यय की राज्यपाल महोदय प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

----2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस सम्बन्ध में मुझे भी यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 01.10.2015 को संज्ञान में लेते हुए उपरोक्त स्वीकृत धनराशि तथा वांछित विवरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को तत्काल उपलब्ध कराते हुए शासन को भी अवगत करा दिया जाय।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-38 पूँजी लेखा के अन्तर्गत् लेखा शीर्षक "5053-नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-20-हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा भूमि अर्जन-24-बृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

संख्या : 1/2016/1609(1)/छप्पन-2015 तददिनांक ।

1- अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0 छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- जिलाधिकारी, इटावा/आगरा।
6- निदेशक, भूमि अध्याप्ति, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
8- नियोजन अनुभाग-4
9- समीक्षा अधिकारी बजट।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।